वैष्णव जन
वैष्णव जन तो तेने कहीए, जे पीड पराई जाणे रे,
परदुःखे उपकार करे तोये, मन अभिमान न आणे रे। ॥ ध्रु० ॥
सकल लोक मा सहुने वंदे, निंदा न करे केनी रे
वाच काछ मन निश्चल राखे, धन धन जननी तेनी रे। १
समदृष्टि ने तृष्णा त्यागी, पर स्त्री जेने मात रे,
जिह्वा थकी असत्य न बोले, परधन नव झाले हाथ रे। २
मोह माया व्यापे नहिं जेने, दृढ वैराग्य जेना मन मा रे,
रामनामशु ताली लागी, सकल तीरथ तेना तन मा रे। ३
वणलोभी ने कपटरहित छे, काम क्रोध निवार्या रे,
भणे नरसैयो तेनु दरसन करता, कुल एकोतेर तार्या रे। ४
जन्म
मृत्यु
२ अकतूबर १८६९ : ३० जनवरी १९४८
एकला चलो रे
यदि तोर डाक सुने केउ न आसे, तबे एकला चलो रे,
एकला चलो, एकला चलो, एकला चलो रे।
यदि केउ कथा न कय, ओरे, ओरे, ओ अभागा!
यदि सबाइ थाके मुख फिराये, सबाइ करे भय—तबे परान खुले
ओ तुइ मुख फुटे तोर मनेर कथा एकला बलो रे।
यदि सबाइ फिर जाय, ओरे, ओरे, ओ अभागा!
यदि गहन पथे जाबार काले केउ फिरे ना चाय—तबे पथरे काटा
ओ, तुइ रक्त माखा चरन तले एकला दलो रे।
यदि आलो ना धरे, ओरे, ओरे, ओ अभागा!
यदि झड-बादले आंधार राते दुआर देय घरे—तबे बज्रानले
आपन बुकेर पाजर ज्वालिये निये एकला जलो रे।
—रवीन्द्रनाथ ठाकुर

बापुके आशीर्वाद

(रोज़ के विचार)

२०-११-४४ : १०-४-४५

१

मो० क० गांधी

विद्या को

रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम

ॐ राम

दो शब्द

एक पवित्र आत्मा की स्मृति में और एक बिछुड़ी हुई आत्मा के संतोष के लिये बापू ने यह "रोज़ के विचार" लिखने आरंभ किये। दोनों की बापू बहुत क़द्र करते थे। अपने "रोज़ के विचार" लिखने के क्रम को उन्होंने बिरले ही तोड़ा।

विद्या (जिसकी स्मृति में यह विचार लिखे गये हैं) की जन्मपत्री में उसे "ऋषिकन्या" के नाम से ही संबोधन किया गया था। बापू उसे बड़ी साध्वी मानते थे। मुझे अपने जीवन में ऐसी आत्माओं का परिचय शायद ही हुआ हो।

मुझे खेद है कि विद्या के पवित्र जीवन से हम पूरा लाभ न उठा सके। परन्तु उसकी स्मृति में बापू के लिखे हुए यह "रोज़ के विचार" भी शिक्षा के सागर हैं। कैसा अच्छा हो यदि इस सागर में से मोती चुन कर हम अपना जीवन सफल करें!

१ यार्क प्लेस, नई दिल्ली
२० अगस्त, १९४८

जैरामदास दौलतराम

ईश्वर अल्ला तेरे नाम

सबको सन्मति दे भगवान

भूमिका

२० जुलाई, १९४३ को मेरी धर्मपत्नी विद्या की अकाल मृत्यु होने पर मैं स्वभावतः बहुत उदास रहता था। एक बापू ही थे जो मेरे दुखी मन को आश्वासन दे सकते थे। लेकिन वह उस समय आग़ाखां महल, पूना में नज़रबन्द थे। जब बापू ६ मई, १९४४ को छूटे तब मेरा उनके साथ कुछ पत्र-व्यवहार चला। यद्यपि वह कहते थे कि ईश्वर ही हमारा निरंतर साथी है तो भी मैं अपने को अकेला और उदास समझता रहा। २ जून, १९४४ वाले एक पत्र में उन्होंने लिखा :

"तुम्हें अब शोक करना छोड़ देना चाहिये। जो कुछ तुमने पढ़ा और पचाया है, उस सब से सहारा लो। एक सच्चा विचार भेजता हूं जो कि मुझे एक बहन ने भेजा है। उसे अंतर में उतार लो। विद्या मरी नहीं है। वह तो अपना शरीर, जिसमें वह निवास करती थी, यहाँ छोड़कर चली गई है, और उसने अपने योग्य दूसरा शरीर धारण कर लिया है।"

और इस ख़त के साथ-साथ बापू ने अंग्रेज़ी में छपा हुआ वह 'सच्चा विचार' भी भेज दिया था जो कि उन्हें पूज्य कस्तूरबा की मृत्यु पर एक पश्चिमी महिला, श्रीमती ग्लेन० ई० स्नाईडर, ने ग्राईम्स (अमेरिका) से आश्वासन देने के लिये भेजा था :

"यह ठीक नहीं, ऐसा मत कहो
कि वह मर गई है। वह सिर्फ़ हमसे दूर चली गई है !
प्रसन्नतापूर्वक मुसकान के साथ,
विदाई का संकेत करते हुए
वह एक अनजाने देश में चली गई है,
और हमें यह कल्पना करते हुए छोड़ गई है
कि कितना सुंदर वह देश होगा जहाँ उसने बसना पसन्द किया है !
यह समझो कि उसे वहाँ भी वैसा ही प्रेम प्राप्त है
जैसा कि उसे यहाँ प्राप्त था;
यह समझो कि वह अब भी वैसी ही है, और कहो—
वह मरी नहीं, सिर्फ़ हमसे दूर चली गई है !"

फिर २० जून, १९४४ को एक पत्र में बापू ने लिखा :

"विद्या की मृत्यु पर तुम हर समय विचार न किया करो और न विचलित ही हो। यदि ज़िंदा रहते हुए वह तुम्हारे जीवन में प्रेरणा देती थी, तो अब, जब कि वह अपने विश्रामघर गई है, और भी अधिक

प्रेरणा तुमको उससे मिलनी चाहिये। मेरी समझ में तो आत्माओं के सच्चे ऐक्य का यही अर्थ है। इसका अत्युत्तम उदाहरण ईसा का है, और आधुनिक काल में रामकृष्ण परमहंस का। मरने के बाद वे और भी प्रभावशाली बने। उनकी आत्मा कभी मरी नहीं और ऐसे ही विद्या की भी आत्मा नहीं मरी है। इसलिये तुम्हें शोक करना अवश्य छोड़ देना चाहिये, और सामने आनेवाले कर्त्तव्य का ही विचार करना चाहिये।"

फिर १९ जुलाई, १९४४ को एक पत्र में उन्होंने लिखा :

"विद्या बड़ी साध्वी थी। उसका हृदय सुनहरी था। उसकी त्याग की इच्छा बड़ी थी। उसका प्रेम समुद्र-सा था। तुमको उसके लायक़ बनना है।"

इस प्रकार पत्र-व्यवहार द्वारा बापू मुझे शांति-पाठ सिखाते रहे। जब ३० सितंबर, १९४४ को वह सेवाग्राम आश्रम गये तो मैं भी वहाँ पहुँच गया। वहाँ रोज़ प्रातःकाल की प्रार्थना के बाद मैं बापू के पास जाकर अपने मन का बोझ हलका करता था। बापू करुणा के सागर थे। वह इतने अधिक कार्यव्यस्त होते हुए भी हर रोज समय निकालकर न केवल मुझे धैर्य देते बल्कि कुछ न कुछ उपदेश लिख भी देते थे, ताकि मैं उसपर विचार करके अपने मन पर क़ाबू पाने का प्रयत्न करूँ। १३ अक्टूबर, १९४४ से १५ दिन तक बापू लगातार ऐसे ही लिखते रहे और उसके बाद कभी कभी। भूमिका में ये सब विचार देना काफ़ी कठिन है, अतः सिर्फ़ कुछ दिनों के ही विचार यहाँ दिये जाते हैं :

"जो सिर्फ़ ईश्वर का सहारा लेते हैं, वे मनुष्य का सहारा नहीं लेंगे, चाहे वे मरे हों चाहे ज़िंदा। यदि तुमने इसे पचा लिया, तो तुम कभी शोक नहीं करोगे।"

१३-१०-४४

"तुम 'ट्राइ अगेन' ('फिर से कोशिश करो') वाली कविता जानते हो ? दुःख से लाचार बनने की तुमको इजाज़त नहीं है। दूसरा सब भरोसा निकम्मा है, एक ईश्वर पर ही विश्वास रखो। विद्या की मौत से यही शिक्षा मिलती है। तुम्हारे प्रेम की परीक्षा हो रही है।"

१४-१०-४४

"ईश्वर की कृपा ईश्वर का काम करने से आती है। तुमको ईश्वर का काम करना है। कभी चरख़ा चलाता है ? चरख़ा चलाना सब से बड़ा यज्ञ है। रोते रोते भी चरख़ा चलाओ।"

१५-१०-४४

"शांति में, सुख में तो सबकुछ होता है। चरख़ा दुःखी का, भूखों का सहारा है। दुःख में तो छूटना ही नहीं चाहिये।"

१६-१०-४४

"तुम्हें अपनी दिनचर्या ऐसी बना लेनी चाहिये कि एक क्षण भी फ़ुरसत न मिले। यही मृत प्रियजनों

के प्रति सच्चा प्रेम है। अंग्रेजों को देखो। वे भी अपने प्रियजनों को प्यार करते हैं, लेकिन जब वे प्रियजनों से जुदा होते हैं तो और भी अधिक अपने को सेवाकार्य में समर्पण कर देते हैं।"

१७-१०-४४

"मुए ज़िंदों को कुछ भेजते हैं, उसका हमें पता नहीं चलता है; लेकिन ज़िंदे मुओं को भेजते हैं, यह निःसंदेह है। इसलिये हम उनके पीछे कभी न रोयें।"

"ईश्वर-कृपा (Grace) ईश्वर का काम करने से आती है। ईश्वर के काम शरीर से, मन से, वाणी से, दुःखी की सेवा करने से होते हैं।"

१८-१०-४४

"ऐसा सोचो कि ग़रीब आदमी तुम्हारी हालत में क्या कर सकता है। उसकी पत्नी मर जाय, तो वह दुगुना काम करेगा। वह भी ईश्वर का भक्त है। भीतर का आनंद ईश्वर का काम करने से ही पैदा होता है। हम सब अपने को ग़रीब की हालत में रख दें। बहरेपन को ईश्वर की बख़शीश समझो। एक क्षण भी बग़ैर काम के रहना ईश्वर की चोरी समझो। मैं दूसरा कोई रास्ता भीतरी या बाहरी आनंद का नहीं जानता हूँ।"

"सबसे अच्छा तरीक़ा तुम्हारे लिये २० ता० मनाने का तो यह है कि तुम सारा दिन सूत कातते रहो,

या अपनी रुचि के अनुसार आश्रम के कोई भी काम में लगे रहो, और उसके साथ रामनाम को जोड़ दो।"

"(ग़रीबों को खिलाना) बिलकुल ग़ैरजरूरी है। जिन्हें सचमुच ज़रूरत हो, उन्हें तुम भले ही कुछ दे सकते हो।"

१९-१०-४४

"आज का दिन तुम्हारे लिये शुभ दिन है। विद्या को मैंने काफ़ी रुलाया था। वह तुम्हारे जैसे रो देती थी और कहती थी: 'भगवान बताओ'। मैंने उसे डाँटा और कहा: 'भगवान को चरखे में देखेगी।' आखिर समझ गई।"

"हम यंत्र हैं और यांत्री भी। शरीर यंत्र है, आत्मा यात्री। आज तुम्हें इस यंत्र से यंत्रवत् काम लेना है और मुझे हिसाब देना है।"

२०-१०-४४

"मनुष्य जिसका ध्यान करता है, उसके मारफ़त ईश्वर को निश्चित देखता है। चरखा सबसे अच्छा प्रतीक है, और उसका दृश्यफल भी है।"

"मनुष्य को मनुष्य का सहारा चाहिये, इसलिये तो आश्रम वग़ैरा संस्थायें रहती हैं। मनुष्य का सहारा सान्निध्य से ही होता है, ऐसा नहीं है। कोई डाक द्वारा करते हैं, कोई सिर्फ़ विचार से, कोई मरे हुए

के सद्वचनों से, जैसे हम तुलसीदास से रोज़ मिलते हैं।"

२१-१०-४४

"आशा अमर है। उसकी आराधना कभी निष्फल नहीं होती।"

२२-१०-४४

"मेरे पास बैठने में कोई हानि नहीं है, लेकिन ऐसे वक्त पर, जैसे महादेव करता था और कृपालाणी, तकली चलाना। पीछे ईश्वर के समय की चोरी नहीं होगी। तकली हमारा मूक मित्र है। कुछ आवाज़ ही नहीं करती, और जगत के लिये जो धागा चाहिये उसे निकालती रहती है। तकली चलाते समय हम सबकुछ देख सकते हैं और सुन सकते हैं। मैं तो यहाँ तक जाता हूँ कि ईश्वर-कृपा होगी तो इस तरह कर्म में जुते हुए रहने से कान भी खुल जाय। लेकिन जब इस तरह कर्मयोगी बनोगे, तब कान की परवाह थोड़ी रहेगी। वानर-गुरु तो जान-बूझ कर कान बंद करता है, योंकि आसपास की आवाज़ उसके रास्ते में रुकावट डालती है।"

२३-१०-४४

"मेरी शांति और मेरे विनोद का रहस्य है मेरी ईश्वर, यानी सत्य पर अचल श्रद्धा। मैं जानता हूँ कि मैं कुछ कर नहीं सकता हूँ। मुझ में ईश्वर है, वह मुझसे सबकुछ कराता है, तो मैं कैसे दुःखी हो सकता

हूँ ? यह भी जानता हूँ कि जो कुछ मुझसे कराता है, मेरे भले के ही लिये है। इस ज्ञान से भी मुझे खुश रहना चाहिये। 'बा' को ईश्वर ले गया सो 'बा' के भले के लिये। इसलिये 'बा' का वियोग मुझे दुःख देने वाला नहीं होना चाहिये। इस वास्ते विद्या की मृत्यु से तुम्हारा दुःख मानना पाप समझो।"

२४-१०-४४

"शारीरिक काम ज्यादा करो। पढ़ने का, पढ़ाने का अवश्य करो, लेकिन तकली, चरखा पर खूब काम करो। भाजी साफ़ करो, आश्रम के काम में हिस्सा लो और सब काम करने में ईश्वर के दर्शन करो, क्योंकि ईश्वर सब में भरा है।"

२५-१०-४४

"मेरे लेखों में से जो निकालना है सो निकालो। यह काम अच्छा है। लेकिन शारीरिक परिश्रम खूब उठाना चाहिये। विद्या का स्मरण करना और रोना बहुत हानिकर है। वह स्मरण अच्छा है जो आत्मा को ऊँचे चढ़ाता है, जागृत करता है। आत्मा का स्वरूप सत् (सत्य), चित् (ज्ञान हृदय से मिला हुआ, अनुभवसिद्ध) और आनंद है। आनंद में दोनों की परीक्षा है—आनंद भीतर का, जो बाहर में देखने में आता है।"

२८-१०-४४

"सब ईश्वर करता है और वह जो करता है वह अच्छे के ही लिये है, ऐसा समझ कर आनंद में रहो।"

१३-११-४४

"रोना हंसना दिल में से निकलता है। (मनुष्य) दुःख मान कर रोता है। उसी दुःख को सुख मान कर हंसता है। इसलिये ही रामनाम का सहारा चाहिये। सब उनको अर्पण करना तो आनंद ही आनंद है।"

१६-११-४४

इस प्रकार बापू से मुझे रोज़ बराबर दो महीने तक प्रबोध मिलता रहा। बाद में जब उन्होंने मुझे क़ुदरती इलाज के लिये प्राकृतिक आश्रम, भीमावरम्, भेजने का निर्णय किया तब मेरे मन में एक विचार उठा कि कैसा अच्छा हो यदि बापू मेरे लिये हर रोज़ कुछ न कुछ वैसे ही लिखते रहें। बापू के सामने जब मैंने यह बात रखी तो उन्होंने आख़िर स्वीकार कर ली और इस प्रकार बापू के ये "रोज़ के विचार" लिखना आरंभ हुए।

बापू से फिर मेरा मिलना पूना, में जून १९४६ में हुआ। जब मैंने उनसे इन विचारों को छपवाने की आज्ञा माँगी तो उन्होंने कहा: "इनमें धरा ही क्या है, जो तुम छपवाना चाहते हो? यदि छपवाना ही है तो मेरे मरने के बाद छपवाना। अभी क्या जल्दी है? कौन जानता है कि जो कुछ मैं आज लिख रहा हूँ,

उसपर मैं आखिर दम तक टिक सकूंगा। यदि टिक सका तब तो छपवाना ठीक होगा, नहीं तो नहीं।"

बापू ने लिखने का यह सिलसिला लगभग २ साल तक जारी रखा, और अंत में जब नवाखाली की दुर्घटनाओं के कारण उनका मन अति उद्विग्न हो गया और इसी कारण उन्होंने 'हरिजन' के लिये लिखना तथा अन्य पत्र-व्यवहार करना वग़ैरह छोड़ दिया और अपना मन केवल देश की स्थिति सुधारने में लगाया, तब उसी समय से उन्होंने विचार लिखना भी बंद कर दिया।

इन विचारों की जो अपनी सुगंधि है, वह सदा के लिये बापू की याद को जागृत रखनेवाली है। यह 'विचार' एक ऐसे व्यक्ति के हैं, जिसने अपने जीवन में बराबर उन पर अमल करने का प्रयत्न किया है। बापू के जीवन भर की अमर साधना इनके पीछे है। इस कारण इन विचारों का मूल्य हमारे अंकन से परे हो जाता है।

जहाँ तक मेरा सवाल है, यह 'विचार' मुझे सदा सदा सत्प्रेरणा देते रहेंगे। और यदि मैं अपने जीवन में इन पर कुछ अंशों में भी चल सका, तो अपना अहोभाग्य मानूंगा। इन्हें अपने ही लिये सुरक्षित रखना मेरे लिये एक तरह की कृपणता होगी। यदि मुझ जैसे दूसरे राहियों को इनसे कुछ सांत्वना मिल सके, तो यह मेरे लिये परम संतोष की बात होगी।

रघुपति राघव राजाराम ॐ राम पतित पावन सीताराम

पुस्तक का शीर्षक चुनने का स्पष्ट कारण है। बापू के इन विचारों को मैं अपने लिये आशीर्वाद के रूप में मानता हूँ। मुझे तनिक भी संदेह नहीं है कि औरों के लिये भी यह ऐसे ही सिद्ध होंगे।

७ एडमान्स्टन रोड, इलाहाबाद
१८ मार्च, १९६४

आनंद हिंगोरानी

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापू के आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

रघुपति राघव राजाराम
पतित पावन सीताराम
बापुके आशीर्वाद
(रोज़ के विचार)
१
मो. क. गांधी
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

रघुपति राघव राजाराम

ॐ राम

पतित पावन सीताराम

ईश्वरके नाम तो अनेक हैं.
लेकिन
एक ही नाम कहें तो वह है सत्, सत्य.
इसलिये
सत्य ही ईश्वर है.

20-११-४७

ईश्वर अल्ला तेरे नाम

बापुके आशीर्वाद

सबको सन्मति दे भगवान

ईश्वर के नाम तो अनेक हैं
लेकिन एक ही नाम ढूढ़ें
तो वह है सत्, सत्य।
इस लिये सत्य ही
ईश्वर है।

२०-११-४४

रघुपति राघव राजाराम ॐ राम पतित पावन सीताराम

सत्यके दर्शन बगैर अहिंसाके
हो ही नहीं सकते.
इसीलिये कहता हूं कि
अहिंसा परमोधर्मः

२१-११-४७

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापुके आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

सत्य के दर्शन बग़ैर अहिंसा के हो
ही नहीं सकते। इसी लिये कहा है
कि अहिंसा परमोधर्मः।

२१-११-४४

रघुपति राघव राजाराम ॐ पतित पावन सीताराम

सत्यकी शोध और अहिंसाका पालन ब्रह्मचर्य, अस्तेय, अपरिग्रह, अभय, सर्वधर्म समानत्व, अस्पृश्यता निवारण इ. बगैर हो नहीं सकता.

२२-११-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापुके आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

सत्य की शोध और अहिंसा का पालन
ब्रह्मचर्य, अस्तेय, अपरिग्रह, अभय, सर्वधर्म
समानत्व, अस्पृश्यता निवारण इत्यादि
बग़ैर हो नहीं सकता।

२२-११-४४

रघुपति राघव राजाराम ॐ हे राम पतित पावन सीताराम

ब्रह्मचर्य का अर्थ यह है मनसा,
वाचा, कर्मणा इंद्रिय निग्रह है।
जो स्त्रीगमन नहीं करता हुआ
मनसे विकारमय रहता है वह
सच्चा ब्रह्मचारी न माना जाय।

२३-११-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापुके आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

ब्रह्मचर्य का अर्थ यहां मनसा, वाचा, कर्मणा इंद्रिय निग्रह है। जो स्त्री गमन नहीं करता हूआ मन से विकारमय रहता है, वह सच्चा ब्रह्मचारी न माना जाय।

२३-११-४४

रघुपति राघव राजाराम — ॐ हे राम — पतित पावन सीताराम

अस्तेय का अर्थ चोरी नहीं करना इतना ही नहीं है. जो वस्तुकी हमें आवश्यकता नहीं है उसे रखना, भी चोरी है. चोरी में हिंसा तो भरी है.

२८-११-४७

ईश्वर अल्ला तेरे नाम — बापुके आशीर्वाद — सबको सन्मति दे भगवान

रघुपति राघव राजाराम

ॐ हे राम

पतित पावन सीताराम

अस्तेय का अर्थ चोरी नहीं करना इतना
ही नहीं है। जो वस्तु की हमें आवश्यकता
नहीं है; उसे रखना, लेना भी चोरी है।
चोरी में हिंसा तो भरी है।

२४-११-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम

बापुके आशीर्वाद

सबको सन्मति दे भगवान

रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम

अपरिग्रहका मतलब यह है कि
हम कोई चीज़ का संग्रह न करें
जिसकी हमें आज दरकार नहीं है.

२५-११-४७

ईश्वर अल्ला तेरे नाम सबको सन्मति दे भगवान

बापुके आशीर्वाद

अपरिग्रह से मतलब यह है कि हम कोई चीज़ का संग्रह न करें जिसकी हमें आज दरकार नहीं है।

२५-११-४४

ॐ

हे राम

रघुपति राघव राजाराम — पतित पावन सीताराम

आश्रम में सब प्रकार के डर का अभाव
होना चाहिये. मौत का डर, मारपीट का
डर, भूख का डर, अपमान का डर, [illegible] का
डर, भूत प्रेत का डर, किसीके क्रोध का डर —
इन सब और ऐसे डरों से मुक्ति, अभय है.

२६-११-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम — सबको सन्मति दे भगवान

बापुके आशीर्वाद

अभय में सब प्रकार के डर का अभाव होना चाहिये। मोत का डर, मारपीट का डर, भूख का डर, अपमान का डर, लोक-लाज का डर, भूत प्रेत का डर, किसी के क्रोध का डर—इन सब और ऐसे डरों से मुक्ति, अभय है।

२६-११-४४

जैसे हम अपने धर्मको आदर देते हैं
वैसे ही दूसरे धर्मको दें - मात्र सहिष्णुता
पर्याप्त नहीं है।

२७-११-४७

जैसे हम अपने धर्म को आदर देते हैं
ऐसे ही दूसरे धर्म को दें—मात्र सहिष्णुता
पर्याप्त नहीं है ।

२७-११-४४

रघुपति राघव राजाराम

ॐ हे राम

पतित पावन सीताराम

अस्पृश्यता निवारण का मानी हरिजनों को
छूना इतना ही नहीं लेकिन उन को हमारे
रिश्तेदारों जैसे समझना अर्थात् जैसे हमारे
भाई बहनों को वर्तते हैं ऐसे उनको वर्तना.
न कोई ऊंच है न कोई नीच.

२८-११-४७

ईश्वर अल्ला तेरे नाम

बापुके आशीर्वाद

सबको सन्मति दे भगवान

अस्पृश्यता निवारण के मानी हरिजनों
को छूना इतना ही नहीं, लेकिन उनको
हमारे रिश्तेदारों जैसे समझना अर्थात्
जैसे हमारे भाई बहनों से वर्तते हैं ऐसे
ही उनसे वर्तना । न कोई ऊंच हैं, न
कोई नीच ।

२८-११-४४

रघुपति राघव राजाराम — हे राम — पतित पावन सीताराम

योगश्चित्तवृत्ति निरोधः

यह पातंजल योगदर्शनका पहला सूत्र है.
योग चित्तवृत्तिका निरोध है, यानि हमारे दिलमें उठते तरंगों पर अंकुश रखना, उसे दबा देना यह योग हुआ.

२९-११-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम — बापुके आशीर्वाद — सबको सन्मति दे भगवान

योगश्चित्तवृत्तिनिरोध :

यह पातंजल योग दर्शन का पहला सूत्र है। योग चित्तवृत्ति का निरोध है, यानी हमारे दिल में उठते तरंगों पर अंकुश रखना, उसे दबा देना, यह योग हूआ।

२९-११-४४

ॐ हे राम

रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम

जिस के चित्त में तरंग उठते ही रहते हैं
वह सत्य के दर्शन कैसे कर सकता है?
चित्त में तरंग का उठना समुद्र के तुफान
जैसा है. तुफान में जो सुकानी तुफान
पर काबु रख सकता है वह सलामत
रहता है. ऐसे ही चित्त की अशांति
भगवाननाम का आश्रय लेकर वह
जीत जाता है.

३०-११-४७

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापुके आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

जिस के चित्त में तरंग उठते ही रहते हैं
वह सत्य के दर्शन कैसे कर सकता है।
चित्त में तरंग का उठना समुद्र के तुफ़ान
जैसा है। तुफ़ान में जो सुकानी सुकान
पर काबू रख सकता है वह सलामत रहता
है। ऐसे ही चित्त की अशांति में जो
रामनाम का आश्रय लेता है वह ज़ीत
जाता है।

३०-११-४४

रघुपति राघव राजाराम
हे राम
पतित पावन सीताराम
"वृक्षान्‌की भांति" भगवान भजन करने वाले हैं.
वह नम्रता है और इनको शीतल रहता
है. इन कथा करते हैं!
१-१२-४४
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

“वृक्षन् की मत ले”[1] भजन मनन करने योग्य है। वह तपता है और हमको शीतलता देता है। हम क्या करते हैं?

१-१२-४४

[1]देखिये परिशिष्ट नं० १।

रघुपति राघव राजाराम   ॐ राम   पतित पावन सीताराम

मिथ्याज्ञानवाले हम हमेशां रहते हैं.
मिथ्याज्ञान वह है जो हमको सत्य से
दूर रखता है या करता है.

२-१२-४७

ईश्वर अल्ला तेरे नाम   बापुके आशीर्वाद   सबको सन्मति दे भगवान

मिथ्या ज्ञान से हम हमेशा डरते रहें।
मिथ्या ज्ञान वह है जो हमको सत्य से दूर
रखता है या करता है।

२-१२-४४

सत्यके दर्शन के लिये संतोंका
चरित पढ़ना और उनका मनन करना
आवश्यक है.
३-१२-४४

सत्य के दर्शन के लिये संतों का
चरित पढ़ना और उसका मनन
करना आवश्यक है ।

३-१२-४४

रघुपति राघव राजाराम

ॐ राम

पतित पावन सीताराम

सब भगवान जिस रूपसे कहते हैं वो सब भाषाओंमें विहार करते हैं तो हम किससे वैर करें? (आपका भगवानका अनुवाद)
४-१२-४७

ईश्वर अल्ला तेरे नाम

बापुके आशीर्वाद

सबको सन्मति दे भगवान

जब भगवान् निज मुख से कहते हैं वे सब प्राणी में विहार करते हैं तो हम किस से वैर करें ? (आज के भजन का अनुवाद)[1]

४-१२-४४

[1]देखिये परिशिष्ट नं० २ ।

रघुपति राघव राजाराम ॐ राम पतित पावन सीताराम

मीराबाईके जीवनमें हम बड़ी बात यह
देखते हैं कि उसने भगवान् के लिये
अपना सब कुछ छोड़ा-पतिभी.

५-१२-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापुके आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

मीराबाई के जीवन से हम बड़ी बात
यह सीखते हैं कि उसने भगवान् के लिये
अपना सब कुछ छोड़ा—पति भी।

५-१२-४४

ॐ
राम
रघुपति राघव राजाराम
पतित पावन सीताराम
अहंकारी मनुष्य कुछ नहीं कर सकता।
सब कुछ कर सकता है।
६-१२-४४
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

रघुपति राघव राजाराम
ॐ
हे राम
पतित पावन सीताराम
श्रद्धा से मनुष्य क्या नहीं कर सकता ?
सबकुछ कर सकता है ।
६-१२-४४
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

रघुपति राघव राजाराम
ॐ राम
पतित पावन सीताराम
श्रद्धावान मनुष्य पहाड़ोंको उल्लंघन करता है।
७-१२-४४
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

श्रद्धा से मनुष्य पहाड़ों को उलंघन
करता है ।

७-१२-४४

ॐ राम

रघुपति राघव राजाराम　　पतित पावन सीताराम

जो मनुष्य किसी एक चीज़ पर एक निष्ठासे काम करता है वह आखिर सब चीज़ करनेकी शक्ति हासिल करेगा.

८-११-४४

बापुके आशीर्वाद

ईश्वर अल्ला तेरे नाम　　सबको सन्मति दे भगवान

जो मनुष्य किसी एक चीज़ पर एकनिष्ठा
से काम करता है वह आखीर सब चीज़
करने की शक्ति हासल करेगा ।

८-१२-४४

सच्चा सुख बाहरसे नहीं मिलता है
अंदरसे ही मिलता है.

९-१२-४४

रघुपति राघव राजाराम
ॐ हे राम
पतित पावन सीताराम
सच्चा सुख बाहर से नहीं मिलता है,
अंतर से ही मिलता है।
९-१२-४४
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

ॐ
हे राम
रघुपति राघव राजाराम
पतित पावन सीताराम
જિસને અપનાપન ખોયા ઉસને સબ ખોયા.
૧૦-૧૨-૪૪
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

जिसने अपनापन खोया उसने सब खोया ।

१०-१२-४४

रघुपति राघव राजाराम ॐ पतित पावन सीताराम

सीधा रास्ता जैसा सरल है ऐसा ही कठिन है. ऐसा न होता तो सब सीधा रास्ता ही लेते.

२१-१२-४७

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापुके आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

सीधा रास्ता जैसा सरल है ऐसा ही कठिन है। ऐसा न होता तो सब सीधा रास्ता ही लेते।

११-१२-४४

रघुपति राघव राजाराम — पतित पावन सीताराम

"दया धरमका मूल है" ऐसा तुलसीदासजीने कहा है और कहते हैं "तुलसी दया न छांडीये जब लग घट में प्राण." इस वख्त दयाको [illegible] कौन दया करें, कौन किस पर?

१२-१२-४७

ईश्वर अल्ला तेरे नाम — बापुके आशीर्वाद — सबको सन्मति दे भगवान

"दया धरम का मूल है"—ऐसा तुलसीदासजी ने कहा है और कहते हैं : "तुलसी दया न छांड़ीये जब लग घट में प्रान।" हम सब दया के भिक्षुक कैसे दया करें, और किस पर ?

१२-१२-४४

रघुपति राघव राजाराम ॐ राम पतित पावन सीताराम

एक बहन ने कहा "मैं प्रार्थना करती थी उसको छोड़ दी है।" मैंने पूछा क्यों? उन्होंने उत्तर दिया "क्योंकि मैं दिलको धोखा देती थी।" उत्तर तो ठीक ही है लेकिन धोखा देना छोडे, प्रार्थना क्यों छोडे!

१२-१२-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापुके आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

एक बहन ने कहा : "मैं प्रार्थना करती थी, अब छोड़ दी है।" मैंने पूछा : "क्यों ?" उसने उत्तर दिया : "क्योंकि मैं दिल को धोका देती थी।" उत्तर तो ठीक ही है लेकिन धोका देना छोड़े, प्रार्थना क्यों छोड़े ?

१३-१२-४४

कल का भजन बहुत मीठा और मननीय था। उसका सार यह है। भगवान् न मंदिर में है, न मस्जीद में; न भीतर है न बाहर; कहीं है तो दीन जनों की भूख और प्यास में है। चलो, हम उनकी भूख और प्यास मिटाने के लिये नित्य कातें या ऐसी जात मेहनत उनके निमित्त रामनाम लेकर करें।

१४-१२-४४

क्या बात है कि हम सामान्यतया भी सहज नहीं
बनते मनोवृत्ति धारण या इरादे के बारे कभी नहीं.
क्या अच्छा यह नहीं होगा कि हम जो वही
धारण करें या आचरण में लिये हुए कार्य जैसा
हमारे दिल में है वैसा ही करें.

२५-११-४४

क्या बात है कि हम सामान्यतया भी झूठ से नहीं बचते भले वह शर्म या डर के मारे क्यों न हो। क्या अच्छा यह नहीं होगा कि हम मौन ही धारण करें या आपस २ में निडर होकर जैसा हमारे दिल में है वैसा ही कहें ?

१५-१२-४४

थोड़ा सा झूठ भी मनुष्य का
नाश करता है जैसे दूध को एक
बूंद ज़हर भी ।

१६-१२-४४

ॐ
हे राम

रघुपति राघव राजाराम   पतित पावन सीताराम

सही चीज़के पीछे वक्त देना इनसानका
स्वभाव है, निकम्मीके पीछे खुवार
होते हैं और दुखी होते हैं!!

१७-१२-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम   बापुके आशीर्वाद   सबको सन्मति दे भगवान

सही चीज़ के पीछे वक्त देना हमको
खटकता है, निक्कमी के पीछे ख़्वार होते
हैं और खुश होते हैं !!!

१७-१२-४४

रघुपति राघव राजाराम
हे राम
पतित पावन सीताराम

"आदमको खुदा मत कहो, आदम
खुदा नहीं लेकिन खुदाके नूरसे
आदम जुदा नहीं।"
१८-१२-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

"आदम को ख़ुदा मत कहो, आदम ख़ुदा नहीं; लेकिन ख़ुदा के नूर से आदम जुदा नहीं ।"

१८-१२-४४

रघुपति राघव राजाराम
हे राम
पतित पावन सीताराम

संतोंकी वाणी सुनो, शास्त्र पढ़ो, विद्वान
होओ, लेकिन अगर ईश्वरको हृदयमें
स्थान नहीं दिया तो कुछ नहीं किया.

१९-१२-४७

ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

संतों की वाणी सुनो, शास्त्र पढ़ो, विद्वान्
हो लो, लेकिन अगर ईश्वर को हृदय में
स्थान नहीं दिया तो कुछ नहीं किया ।

१९-१२-४४

रघुपति राघव राजाराम   ॐ राम   पतित पावन सीताराम

मुल्कको हम ~~आझादी~~ स्वराज चाहते हैं लेकिन
उसका अर्थ ठीकर हम शायद नहीं जानते हैं।
एक अर्थ तो यह है कि सबका भय से छुटकारा
पाना.

२०-१२-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम   बापुके आशीर्वाद   सबको सन्मति दे भगवान

मुक्ति तो हम सब चाहते हैं, लेकिन उसका अर्थ ठीक २ हम शायद नहीं जानते हैं। एक अर्थ तो यह है कि जन्म मरण से छुटकारा पाना।

२०-१२-४४

भक्तकवि नरसैंयो कहते हैं, हरिना जन तो मुक्ति न मांगे, मांगे जनमो जनम अवतार रे। इस दृष्टिसे देखें तो मुक्ति कुछ और ही बन जाती है।

२२-११-४४

भक्त-कवि नरसैंयो कहते हैं : "हरि ना जन तो मुक्ति न मांगे, मांगे जनमोजनम अवतार रे।" इस दृष्टि से देखें तो 'मुक्ति' कुछ और रूप लेती है।

२१-१२-४४

रघुपति राघव राजाराम
हे राम
पतित पावन सीताराम
अनासक्तिकी पराकाष्ठा गीताकी मुक्ति है
और वही अर्थ हम ईशोपनिषद्के पहले मंत्र
में पाते हैं।
२२-१२-४४
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

अनासक्ति की पराकाष्टा गीता की मुक्ति
है और वही अर्थ हम ईशोपनिषत् के
पहले मंत्र में पाते हैं।

२२-१२-४४

रघुपति राघव राजाराम　　राम　　पतित पावन सीताराम

अनासक्ति कैसे बढ़े? सुख और दुःख, दोस्त और
दुश्मन, हमारा और दूसरोंका — सब समान समझनेसे
अनासक्ति बढ़ती है. इसलिये अनासक्ति का
दूसरा नाम समता है.

२३-१२-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम　　बापुके आशीर्वाद　　सबको सन्मति दे भगवान

अनासक्ति कैसे बढ़े ? सुख और दुःख, दोस्त और दुश्मन, हमारा और दूसरों का—सब समान समझने से अनासक्ति बढ़ती है। इसलिये अनासक्ति का दूसरा नाम समभाव है।

२३-१२-४४

रघुपति राघव राजाराम — ॐ हे राम — पतित पावन सीताराम

जैसे बिंदु का समुदाय समुद्र है इसी तरह हम
सौ मीलकरके मैत्रीका सागर बन सकते हैं और समाज
में सब दुनियां में मित्रता भाव रहे तो
जगत का स्वरूप बदल जाय.

२४-११-४७

ईश्वर अल्ला तेरे नाम — बापुके आशीर्वाद — सबको सन्मति दे भगवान

जैसे बिंदु का समुदाय समद्र है, इसी तरह हम मैत्री करके मैत्री का सागर बन सकते हैं। और जगत् में सब एक दूसरों से मित्र भाव से रहें तो जगत् का रुप बदल जाय।

२४-१२-४४

ॐ राम
रघुपति राघव राजाराम
पतित पावन सीताराम
आज क्रिसमस का दिन है। हम तो सब धर्मों की
समानता मानते हैं उनके लिये ईसा मसीह का
२५-१२-४४
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

आज क्रिसमस दिन है। हम जो सब धर्मों की समानता मानते हैं, उनके लिये ईसा मसीह का जन्म ऐसा ही माननीय है जैसा राम कृष्णादि का।

२५-१२-४४

ॐ हे राम

रघुपति राघव राजाराम   पतित पावन सीताराम

बीमारी मात्र मनुष्य के लिये शरम की बात होनी चाहीये. बीमारी किसी भी दोषकी सूचक है। जिसका तन और मन सर्वथा स्वस्थ है उसे बीमारी होनी नहीं चाहीये.

२५-१२-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम   बापुके आशीर्वाद   सबको सन्मति दे भगवान

बीमारी मात्र मनुष्य के लिये शर्म की बात होनी चाहिये। बीमारी किसी भी दोष की सूचक है। जिसका तन और मन सर्वथा स्वस्थ है, उसे बीमारी होनी नहीं चाहिये।

२६-१२-४४

रघुपति राघव राजाराम — हे राम — पतित पावन सीताराम

विकारी विचार भी बीमारी की
निशानी है. इसलिये हम सब विकारी
विचार से बचते रहें।

२७-१२-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम — बापुके आशीर्वाद — सबको सन्मति दे भगवान

रघुपति राघव राजाराम

ॐ राम

पतित पावन सीताराम

विकारी विचार भी बीमारी की निशानी है। इसलिये हम सब विकारी विचार से बचते रहें।

२७-१२-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम

बापु के आशीर्वाद

सबको सन्मति दे भगवान

ॐ राम
रघुपति राघव राजाराम
पतित पावन सीताराम
विकारी विचारसे बचनेका एक अमोघ
उपाय - रामनाम है. नाम कंठसे ही नहीं
किंतु हृदयसे निकलना चाहिये.
२८-१२-४४
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

विकारी विचार से बचने का एक अमोघ उपाय——रामनाम——है। नाम कंठ से ही नहीं, किंतु हृदय से निकलना चाहिये।

२८-१२-४४

रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम

व्याधि अनेक हैं, वैद्य अनेक हैं, उपचार भी
अनेक हैं। अगर व्याधि को एक ही देखें
और उसको मिटानेहारा वैद्य एक रामही
है ऐसा समझें तो बहुत सी झंझटों से
हम बच जायें.

२९-११-४७

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापुके आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

व्याधि अनेक हैं, वैद्य अनेक हैं, उपचार भी अनेक हैं। अगर व्याधि को एक ही देखें और उसको मिटानेहारा वैद्य एक राम ही है ऐसा समझें, तो बहुत सी झंझटों से हम बच जायँ।

९-१२-४४

आश्चर्य है वैद्य मरते हैं, डाक्टर मरते हैं. उनको पीछे हम भटकते हैं. लेकिन राम जो मरता नहीं है, हमेशा जिंदा रहता है और अचूक वैद्य है उसे हम भूल जाते हैं.

२०-१२-४४

आश्चर्य है वैद्य मरते हैं, डाक्टर मरते हैं, उनके पीछे हम भटकते हैं। लेकिन राम जो मरता नहीं है, हमेशा ज़िंदा रहता है और अचूक वैद्य है उसे हम भूल जाते हैं।

३०-१२-४४

रघुपति राघव राजाराम ॐ राम पतित पावन सीताराम

इससे भी आश्चर्य यह है कि हम जानते हैं कि हम भी मरनेवाले तो हैं ही, बहुत करें तो वैद्यादि की दवाएं शायद हम थोड़े दिन और काट सकते हैं और इस लोभ में ख़्वार होते हैं.

२१-१२-४४

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापुके आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

इस से भी आश्चर्य यह है कि हम जानते हैं कि हम भी मरने वाले तो हैं ही, बहुत करें तो वैद्यादि की दवा से शायद हम थोड़े दिन और काट सकते हैं और इस लिये ख्वार होते हैं।

३१-१२-४४

ॐ हे राम

रघुपति राघव राजाराम — पतित पावन सीताराम

इसी तरह बूढ़े, बच्चे, जवान, धनिक, गरीब, सबको मरते हुए पाते हैं तो भी संतोषसे बैठना नहीं चाहते हैं, लेकिन थोड़े दिन जीनेके लिये रामको छोड़कर प्रयत्न करते हैं.

२-२-४५

ईश्वर अल्ला तेरे नाम — बापुके आशीर्वाद — सबको सन्मति दे भगवान

इसी तरह बूढ़े, बच्चे, जवान, धनिक, ग़रीब, सब को मरते हुए पाते हैं तो भी संतोष से बैठना नहीं चाहते हैं, लेकिन थोड़े दिन जीने के लिये राम को छोड़ सब प्रयत्न करते हैं।

१-१-४५

रघुपति राघव राजाराम

ॐ राम

पतित पावन सीताराम

कैसा अच्छा हो कि इतना समजकर
इन सात नरकोंसे दूर रहकर जो व्याधि आवे
उनको भी बरदाश्त करें और ~~अरे~~ अपना
जीवन आनंदमय बनाकर व्यतीत करें.

२-१-४८

ईश्वर अल्ला तेरे नाम

बापुके आशीर्वाद

सबको सन्मति दे भगवान

कैसा अच्छा हो कि इतना समझ कर हम राम भरोसे रह कर जो व्याधि आवे उसकी भी बरदाश्त करें और अपना जीवन आनंदमय बनाकर व्यतीत करें !

२-१-४५

शरीरधारी महादेव को शरीर से और उसके लेखों से ही हम देखते थे। यह एक ही बात हुई। देहातीत महादेव सर्व-व्यापी है और उसके गुणों से हम उसको पहचान सकते हैं और इस में सब एकसा शरीक हो सकते हैं। किसी को ज़्यादा कम विभाग नहीं मिल सकता है।

३-१-४५

रघुपति राघव राजाराम ॐ राम पतित पावन सीताराम

जन्म और मरण शायद एक ही
सिक्के की दो बाजू नहीं है? एक
तरफ देखो तो मरण और दूसरी
तरफ जन्म. इसमें दुःख क्यों? हर्ष किसका?

४-२-४५

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापुके आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

जन्म और मरण शायद एक ही सिक्के
की दो बाजू नहीं हैं ? एक तरफ़ देखो
तो मरण और दूसरी तरफ़ जन्म ।
इस से दुःख क्यों ? हर्ष क्यों ?

४-१-४५

जो जनम मरणकी बात सही होय तो, और है, तो हम क्यों मृत्युसे घबराते हैं, दुःखी होते, और मनमें स्पृहा रखते हो? प्रत्येक मनुष्य यह समझकर अपने कार्य करे.

५-२-४५

जो जन्म मरण की बात सही होय, तो और है, तो हम क्यों मृत्यु से ज़रा भी डरें, दुखी हों, और जन्म से ख़ुश हों ? प्रत्येक मनुष्य यह सवाल अपने साथ करे ।

५-१-४५

रघुपति राघव राजाराम

हे राम

पतित पावन सीताराम

जगत द्वंद्वसे भरपूर है. सुखके पीछे दुःख रहा है, दुःखके पीछे सुख, धूप है तो छाया भी है, प्रकाश है तो अंधेरा भी, जन्म है तो मृत्यु भी. इस द्वंद्वसे छूटना अनासक्ति है. द्वंद्वको जीतने का उपाय द्वंद्वको मिटाना नहीं है, लेकिन द्वंद्वातीत, अनासक्त होना है.

६-७-४५

ईश्वर अल्ला तेरे नाम

बापुके आशीर्वाद

सबको सन्मति दे भगवान

जगत् द्वंद्व से भरपूर है। सुख के पीछे दुःख रहा है, दुःख के पीछे सुख। धूप है तो छाया भी है, प्रकाश है तो अंधेरा भी, जन्म है तो मृत्यु भी। इस द्वंद्व से हटना अनासक्ति है। द्वंद्व को जीतने का उपाय द्वंद्व को मिटाना नहीं है, लेकिन द्वंद्वातीत, अनासक्त होना है।

६-१-४५

रघुपति राघव राजाराम ॐ राम पतित पावन सीताराम

यह पीछेका बताता हूँ कि सबकी कुंजी सत्यकी आराधनामें है। सत्यकी उपासनामेंसे सब चीज़ मिलती है।

७-९-४५

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापुके आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

यह पीछे का बताता है कि सब की कूंजी
सत्य की आराधना में है। सत्य की
उपासना से सब चीज़ मिलती है।

७-१-४५

तब सत्यकी आराधना कैसे हो? सत्य कौन जानता है? यहां सापेक्ष सत्यकी बात है. जिसको हम सत्यरूपसे समझें वह सत्य. इतना सत्य भी बहुत कठिन है ऐसा अनुभवसे प्रतीत होगा।

८-१-४५

तब सत्य की आराधना कैसे हो ? सत्य कौन जानता है ? यहां सापेक्ष सत्य की बात है। जिसे हम सत्य रूप से देखें वह सत्य। इतना सत्य भी बहुत कठिन है ऐसा अनुभव से प्रतीत होगा।

८-१-४५

रघुपति राघव राजाराम   हे राम   पतित पावन सीताराम

माना हुआ आदमी सच कहने से क्यों
हिचकता है? शर्म को मारे? किसकी शर्म?
ऊपर है तो क्या? नौकर हु तो क्या? बात
यह है कि आदत आदमी को दबा जाती है।
इन दोनों में और कई आदत भी छूट जांय.

८-९-४५

ईश्वर अल्ला तेरे नाम   बापुके आशीर्वाद   सबको सन्मति दे भगवान

जानता हुआ आदमी सत्य कहने से क्यों झीझकता है ? शर्म के मारे ? किसकी शर्म ? ऊपरी है तो क्या ? नौकर है तो क्या ? बात यह है कि आदत आदमी को खा जाती है । हम सोचें और बुरी आदत से छूट जाँय ।

९-१-४५

रघुपति राघव राजाराम ॐ हे राम पतित पावन सीताराम

छूटें नहीं तो सत्यके रास्ते पर नहीं जा
सकते हैं. बात यह है कि सत्यके लिये
सब कुछ कुरबान करें इसमें हमें ऐसा दीखना
नहीं चाहिये, के किसी हें उनसे बहेतर दीखना
चाहते हैं. कैसा अच्छा हो अगर हम नीचा
हैं तो नीचे दीखें. अगर ऊंचे होना चाहें तो
ऊंचे काम करें, ऊंचा विचारें. लेकिन ऊंचा बनके
तो मनमें भी बड़ा दीखें. कायदा तो [illegible]
तब ऊंचे [illegible].

१०-८-४५

ईश्वर अल्ला तेरे नाम बापुके आशीर्वाद सबको सन्मति दे भगवान

छूटें नहीं तो सत्य के रास्ते पर नहीं जा सकते हैं। बात यह है कि सत्य के लिये सब कुछ कुरबान करें। हम हैं ऐसा दीखना नहीं चाहते, लेकिन हैं उससे बेहतर दीखना चाहते हैं। कैसा अच्छा हो अगर हम नीच हैं तो नीच दीखें, अगर ऊंच होना चाहें तो ऊंच काम करें, ऊंच विचारें! ऐसा न हो सके तो भले नीच ही दीखें। कोई रोज़ तब ऊंचे जायगे।

१०-१-४५

मैं जो अनुभव करता हूं, चाहता हूं कि आप भी अपने
आप अपने सुख दुःख का कारण हो।

२२-९-४७

जैसे अनुभव लेता हूं, पाता हूं कि
आदमी अपने आप अपने सुख दुःख का
कारण है।

११-१-४५

रघुपति राघव राजाराम
ॐ राम
पतित पावन सीताराम
ऐसा होते हुए आदमी दुखी दु:खी
क्यों होता है?
22-9-45
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

ऐसा होते हुए आदमी सुखी दुःखी क्यों होता है ?

१२-१-४५

रघुपति राघव राजाराम | हे राम | पतित पावन सीताराम

बात यह है कि आपभी उसे विवाह करना
नहीं चाहता। इसलिये मानता हूं उसे
विचार करनेकी जरुरत ही नहीं है।
२३-१-४५

ईश्वर अल्ला तेरे नाम | बापुके आशीर्वाद | सबको सन्मति दे भगवान

बात यह है कि आदमी ऐसे विचार
करना नहीं चाहता। इसलिये मानता है
ऐसे विचार करने की फ़ुरसत ही नहीं है।

१३-१-४५

रघुपति राघव राजाराम
राम
पतित पावन सीताराम

अगर हम सच्चा जीवन व्यतीत करना चाहते हैं तो मानसिक आलस्य दूर कर हमें मौलिक का विचार करना होगा. परिणाम यह होगा कि हमारा जीवन बहुत सरल हो जायगा.

१४-१-४५

ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

अगर हम सच्चा जीवन व्यतीत करना चाहते हैं तो मानसिक आलस्य छोड़ कर हमें मौलिक विचार करना होगा। परिणाम यह होगा कि हमारा जीवन बहुत सरल हो जायगा।

१४-१-४५

ॐ हे राम

रघुपति राघव राजाराम   पतित पावन सीताराम

ज्ञानीने हमें मुसाफिर कहा है. बात सच्ची है.
हम यहां तो चंद रोजके लिये हैं. बादमें
'मरते' नहीं, आगे चल जाते हैं. कैसा अच्छा,
और सच्चा ख्याल है?

१६-२-४६

ईश्वर अल्ला तेरे नाम   बापुके आशीर्वाद   सबको सन्मति दे भगवान

ज्ञानी ने हमें मुसाफ़िर कहा है। बात सच्ची है। हम यहां तो चंद रोज़ के लिये हैं। बाद में 'मरते' नहीं, अपने घर जाते हैं। कैसा अच्छा और सच्चा ख़्याल !

१५-१-४५

रघुपति राघव राजाराम

ॐ राम

पतित पावन सीताराम

हजारों मन कचरा बड़े परिश्रमसे
निकालते हैं तब कोई हीरा हाथों
आता है, क्या इन्सान परिश्रमका
थोड़ा हिस्सा भी कचरारूप दुर्गुण निकालने
में और हीरारूप सत्य ढूंढनेमें देते हैं!

१६-१-४८

ईश्वर अल्ला तेरे नाम

बापुके आशीर्वाद

सबको सन्मति दे भगवान

हज़ारों मण कचरा बड़े परिश्रम से निका-
लते हैं तब कोई हीरा हाथों में आता है।
क्या हम इस परिश्रम का थोड़ा हिस्सा भी
कचरा रूप झूठ निकालने में और हीरा
रूप सत्य ढूंढ़ने में देते हैं ?

१६-१-४५

बगैर परिश्रमसे याने बगैर त्यागके कुछ भी हो ही नहीं सकता है तो आत्म-शुद्धि कैसे हो सकती !

६-१-४५

बग़ैर परिश्रम से, यानि बग़ैर तप के, कुछ भी हो नहीं सकता है, तो आत्म-शोध कैसे हो सके ?

१७-१-४५

रघुपति राघव राजाराम
पतित पावन सीताराम

अगर सब समय भगवानका है तो हम एक क्षण भी निकम्मा क्यों जाने दें? अगर हम भगवानके हैं तो हमारे शरीरका एक हिस्सा भी मौज शौकमें क्यों दें?

१८-९-४५

बापुके आशीर्वाद

ईश्वर अल्ला तेरे नाम
सबको सन्मति दे भगवान

अगर सब समय भगवान् का है तो हम
एक क्षण भी निक्कमी क्यों जाने दें ?
अगर हम भगवान् के हैं तो हमारे शरीर
का एक हिस्सा भी मौज शौक में क्यों दें ?

१८-१-४५

रघुपति राघव राजाराम
ॐ राम
पतित पावन सीताराम

आवश्यक कार्य शक्तिप्रद है क्योंकि
आवश्यक कार्य भगवान् करते हैं.
१९-७-४५

ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

अनासक्त कार्य शक्तिप्रद है, क्योंकि
अनासक्त कार्य भगवान् भक्ति है ।

१९-१-४५

जमशेद मेहता ने आसीसी के फ्रान्सिस की एक प्रार्थना भेजी है। उस में यह हिस्सा है : "हे भगवान, किसी को देने से ही हमें मिलता है, मरने से ही हम अमर पद पा सकते हैं।"

२०-१-४५

रघुपति राघव राजाराम
ॐ
हे राम
पतित पावन सीताराम
ईश्वरका नास्तिक तो नहीं है जो उस पर महोब्बत
करता है.
२२-१-४५
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

ज़मीन का मालिक तो वही है जो उस पर
मेहनत करता है ।

२१-१-४५

ॐ राम
रघुपति राघव राजाराम
पतित पावन सीताराम
जो कायकुछ भीतर में स्वच्छ है वह
बाहर में अस्वच्छ हो ही नहीं सकता।
२२-७-४५
ईश्वर अल्ला तेरे नाम
बापुके आशीर्वाद
सबको सन्मति दे भगवान

जो सचमुच भीतर में स्वच्छ है वह बाहर
में अस्वच्छ हो ही नहीं सकता ।

२२-१-४५

रघुपति राघव राजाराम　　　ॐ　　　पतित पावन सीताराम

सच्चा कार्य कभी निष्फल नहीं होता,
सच्चा वचन अंत में कभी अप्रिय नहीं होता।
२६-१-४६

ईश्वर अल्ला तेरे नाम　　　बापु के आशीर्वाद　　　सबको सन्मति दे भगवान

